Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 26-07-2005

Participants : Chavda Shri Harisinh

>

Title: Need to sanction special economic package to the State of Gujarat facing recurring droughts in North Gujarat.

श्री हरिसिंह चावड़ा (बनासकांठा) : अध्यक्ष महोदय, सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान उत्तर गुजरात में हर साल होने वाले सूखे की समस्या की तरफ दिलाना चाहता हूं। उत्तर गुजरात में हर साल सूखे की समस्या रहती है, इसके लिए जो डैम बनाया हुआ है, उसमें पानी नहीं है। इसके लिए मैंने केन्द्र सरकार को कई बार अनुरोध किया है। वैसे गुजरात के कई हिस्सों में अपार बारिश होने के बाद बाढ़ जैसी समस्या पैदा हुयी है। परन्तु उतर गुजरात में बारिश इस साल भी नहीं हुयी है, जिसके कारण सिंचाई के अभाव में अभी तक किसानों ने अपने खेतों में बोआई का काम शुरू नहीं किया है। पानी के अभाव में लोगों को पेयजल नहीं मिल पा रहा है, जिस पाइप लाइन से पानी की आपूर्ति होती है, वह भी पुरानी है और कई जगहों से टूटी हुयी है। भूमि जल स्तर पर बहुत नीचे चला गया है। इन सब कारणों से उत्तर गुजरात हमेशा सूखे की चपेट में रहता है। अभी तक इसका स्थायी हल नहीं किया गया है।

अतः सरकार से अनुरोध है कि इस हमेशा रहने वाली समस्या के निराकरण हेतु प्राथमिकता के आधार पर कदम उठाये जायें और इसके लिए एक विशो पैकेज दिये जाने की आवश्यकता भी है।